# एसबीएफसी बैंक के संदीप राठौर ने की ठगी





**महिदपुर।** यूं तो ऑनलाइन फ्रॉड को लेकर शिकायत अनेक आती हैं। इसमें सायबर सेल में शिकायत करने पर कार्रवाई हो जाती है और ऑनलाइन ठगी करने वालों को सजा भी मिल जाती है, लेकिन यही ठगी अगर निजी बैंक का कर्मचारी कर ले तो फिर शिकायत करने कहां जाएं। ऐसा ही एक मामला महिदपुर निवासी एक पत्रकार के साथ हो गया। जिन्होंने अपने परिचित के माध्यम से एक बैंक से 20 लाख लोन के लिए आवेदन दिया था। जिस पर संबंधित ने लॉगइन के नाम पर 4500 रुपए जमा करा लिये और अब फोन भी नहीं उठा रहा है।

मामला महिदपुर निवासी भोमलाल गोयल जो कि पेशे से एक पत्रकार हैं जिन्हें करीब 20 लाख का होम लोन चाहिए था। ऐसे में उन्होंने पहले केपरी लोन वाला से बात हो चूंकी थी। लेकिन कैपरी में लोन नहीं होने के कारण उन्हेल के पास निवासी बेडावान जय सोनी से की थी लेकिन उन्होंने बताया कि एसबीएफसी बैंक के मेरे मित्र हैं संदीप राठौर जो कि लोन का काम करता हैं। संदीप राठौर जो इंगोरिया के आसपास गांव के निवासी हैं जो उज्जैन ब्रांच में अधिकारी है। वे वहां महिदपुर पहुंचे और भोमलाल गोयल से 4500 रुपए लॉगइन के नाम से लिए और कहा फाइल चार्ज है। उसके बाद जब संदीप राठौर से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया। संदीप राठौर नामक व्यक्ति लोन देने के नाम पर लोगों से पैसे ऐटने का कार्य कर रहा है। ऐसे व्यक्ति पर वैधानिक कार्रवाई होना चाहिए।

## अर्जुन राव फिनोडे फाइनेंस ने की ठगी

महिदपुर। यूं तो ऑनलाइन फ्राड को लेकर शिकायत अनेक आती हैं। जिसमें सायबर सेल में शिकायत करने पर कार्रवाई हो जाती है और ऑनलाइन ठगी करने वालों को सजा भी मिल जाती है। लेकिन यही ठगी अगर निजी बैंक का कर्मचारी कर ले तो फिर शिकायत करने कहां जाएं। ऐसा ही एक मामला महिदपुर निवासी एक पत्रकार के साथ हो गया। जिन्होंने अपने परिचित दुर्गेश राव के माध्यम से एक बैंक से 20 लाख लोन के लिए आवेदन दिया था। जिस पर संबंधित ने लॉगइन के नाम पर 9 हजार रुपए नकद जमा करा लिये और 10 हजार रूपए फोन पे करा लिये अब फोन नहीं उठा रहा है।



मामला महिदपुर निवासी भोमलाल गोयल जो कि पेशे से एक पत्रकार हैं जिन्हें करीब 20 लाख का होम लोन चाहिए था। अर्जुन राव जो कि लोन का काम करता हैं। अर्जुन राव जो कि शक्करखेडी गांव का निवासी हैं। जो उज्जैन ब्रांच में अधिकारी है। Arjun rao finoday finance के तो वहां महिदपुर पहुंचे और भोमलाल गोयल से 9 हजार रुपए नकद ले लिए और फोन पे पर 10 हजार रुपए लॉगइन के नाम से लिए और कहा फाइल चार्ज है। उसके बाद जब अर्जुन राव से संपर्क किया गया तो गाली गलौज से बात कर रहा है। और अब उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया। अर्जुन राव नामक व्यक्ति लोन देने के नाम पर लोगों से पैसे ऐटने का कार्य कर रहा है। ऐसे व्यक्ति पर वैधानिक कार्रवाई होना चाहिए।

# सेवानिवृत्त हुए केशियर डोडिया



**उज्जैन।** बड़नगर स्वास्थ्य विभाग में 33 वर्षों तक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद केशियर दिनेशचन्द्र डोडिया सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डोडिया 30 अप्रैल को अपनी शासकीय सेवा से निवृत्त हुए थे।

समारोह में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत कर उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल, डीएलओ डॉ. विक्रम रघुवंशी, डॉ. केसी परमार, डॉ. सुयेश श्रीवास्तव, डॉ. मधुसूदन राजावत, डॉ. अनिल पाटीदार, डॉ. विजय मालवीय, डॉ. अनंगपाल सिंह तोमर और डॉ. विनोद चौधरी उपस्थित थे। इसके साथ ही न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, जिला संरक्षक महेश परमार, जिला सचिव परमानंद कटारिया, दिनेश कुमार पंचोली, केसी रावत, राजेंद्र ललावत, पीतांबर भावसार, रवि राज यादव, नारायण शर्मा और पूजा दिया के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर डोडिया का पुष्पहारों से सम्मान किया। आयोजन में अतिथियों का आत्मीय स्वागत डोडिया परिवार की ओर से सुधा डोडिया, भूपेन्द्र डोडिया, दीपक डोडिया, मनीष डोडिया, ऋषभ डोडिया एवं डॉ आर्ची डोडिया सहित समस्त परिजनों ने किया।

## एक नजर में

### कॉर्पोरेट जिहाद के खिलाफ हिंदू जनजागृति समिति का ज्ञापन



**इंदौर.** बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के भीतर हिंदू महिला कर्मचारियों को निशाना बनाने वाली मानसिकता और संगठित 'कॉर्पोरेट जिहाद' के खिलाफ आज हिंदू जनजागृति समिति ने इंदौर प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय महिला आयोग को ज्ञापन सौंपा. महाराष्ट्र के नासिक में सामने आई दिल दहला देने वाली घटनाओं का हवाला देते हुए समिति ने कहा कि कॉर्पोरेट जगत में हिंदू महिलाओं का शोषण, उन्हें जबरन नमाज पढ़ने और गोमांस खाने के लिए मजबूर करना एक बड़े धार्मिक आतंक का हिस्सा है, जिसे अब सहन नहीं किया जाएगा. समिति ने इंदौर के एसडीएम अजय शंकर शुक्ला के माध्यम से मांग की है कि इंदौर और पूरे मध्यप्रदेश में चल रही मल्टीनेशनल कंपनियों में भी इस तरह की घटनाओं की तुरंत जांच की जाए. साथ ही सरकार से मांग की गई है कि कंपनियों में धार्मिक भेदभाव विरोधी ऑडिट शुरू हो और महिलाओं की मदद के लिए विशेष हेल्पलाइन बनाई जाए, ताकि पीड़ित महिलाएं बिना किसी डर के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें. इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति के श्रीराम काणे, बेनी सिंह रघुवंशी, पंकज बजाज, संजय नबेरिया, गोपाल गंगराडे, सुशील शर्मा, विजय सचदेव, हिन्दू युवा संगठन के निर्मल पाटीदार, हिंदू महासभा के अर्जुन पंवार, शिवम माली, अवध साहू और सनातन संस्था की श्रीमती पुष्पा सावंत प्रमुख रूप से उपस्थित थे. उक्त जानकारी आनंद जाखोटिया समन्वयक, हिंदू जनजागृति समिति, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान ने दी.

### जाखेटिया अध्यक्ष, सारड़ा सचिव

**इंदौर.** माहेश्वरी समाज के इंदौर के सबसे बड़े ट्रस्ट श्री माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित आनंदम भवन के सत्र 2026–28 के लिए कार्यसमिति के 29 सदस्यों का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ. निर्वाचन के बाद ट्रस्ट पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें केदारमल जाखेटिया को अध्यक्ष, घनश्याम झंवर को उपाध्यक्ष, सीए भरत सारडा को सचिव, अश्विनी लखोटिया को कोषाध्यक्ष तथा दिनेश परवाल को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई. सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों का समाजजनों ने पुष्पहार पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर स्वागत किया. कार्यसमिति में अजय सोडानी, मुकेश कचोलिया, मांगीलाल कासट, प्रेम माहेश्वरी, सुभाष राठी, सुमित काबरा, सुरेश नूहाल, बसंत खटोड़, बी.डी. भट्टड़, दीपक भूतड़ा, गिरीश शारदा, गोविंद बेड़ियां, जयंत गुप्ता, कल्याणमल मंत्री, केदार सारडा, केदार हेडा, मनीष बिसानी, मनोज धुत, पवन भलीका, लीलाधर माहेश्वरी, राजेंद्र मंत्री, साधना सोडाणी, पप्पू मंत्री एवं सुरेश काकाणी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं. निर्वाचन अधिकारी कमलनारायण भुराड़िया, सहयोगी सुनील राठी सुनील माहेश्वरी का स्वागत निवर्तमान अध्यक्ष रामेश्वरलाल असावा ने किया. इस अवसर पर समाजजनों ने विश्वास जताया कि नई कार्यसमिति ट्रस्ट के सेवा, सामाजिक सरोकार और जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा देने का कार्य करेगी. पदाधिकारियों ने भी समाजहित में समर्पण और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया.

### सिंधु इंजीनियर्स के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

**इंदौर.** सिंधु इंजिनीयर्स की वार्षिक साधारण सभा व द्विवार्षिक चुनाव सर्वानुमिति से सम्पन हुए. निर्वाचन अधिकारी मनोहर नागपाल ने बताया कि इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी जो हमारी संस्था के संस्थापक सदस्य है, भी उपस्थित थे. संस्था की वरिष्ठ सदस्य मनोहर देव व चंद्रकांत मखीजा भी उपस्थित थे. मनोहर देव ने मनिला में होने वाले इंटरनेशनल सिंधी सम्मेलन 30, 31 अक्टूबर व 1 नवंबर को सभी को आमंत्रित किया. चुनाव अधिकारी मनोहर नागपाल ने निम्नलिखित सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित किया. इसमें अध्यक्ष चंद्रकुमार कुकरेजा, उपाध्यक्ष अमरलाल चुघ, पूर्व अध्यक्ष मोतीराम बलानी, सचिव महेश दादवानी, सह सचिव करन रमानी, कोषाअध्यक्ष दिलीप जेठानी, डायरेक्टर्स मनोहर देव, मोहिनेष जगवानी, बी बदलनी, अरुण नागरानी, मनोहर मेंघवानी, रमेश सीतलानी, कोऑपटेड डायरेक्टर्स मनोहर नागपाल व प्रवीण फतनानि शामिल हैं.

### मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल में राठी अध्यक्ष, धूत सचिव

**इंदौर,.** माहेश्वरी समाज की अग्रणी संस्था मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल की नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से रामकिशोर राठी अध्यक्ष एवं मनोज धूत सचिव निर्वाचित हुए. छावनी स्थित जगन्नाथ धर्मशाला पर आयोजित संस्था की वार्षिक साधारण सभा में वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में निर्विरोध और सर्वानुमति से तीन वर्षों के लिए निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारियों का समाज बंधुओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया. नवगठित कार्यकारिणी में पूर्व अध्यक्ष रामवल्लभ भूतड़ा ने अध्यक्ष पद के लिए रामकिशोर राठी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के बीच समर्थन किया. यही नहीं साधारण सभा ने अपनी नई कार्यकारिणी के गठन का अधिकार भी रामकिशोर राठी को सौंपने का निर्णय लिया. तदानुसार राठी ने उपाध्यक्ष पद पर बजरंगलाल मालानी एवं कपिल लाहोटी, सचिव पद पर मनोज धूत, कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील बंग, संगठन मंत्री हेतु श्रीकांत गिलड़ा, सह मंत्री के लिए रामअवतार पलौड़ तथा प्रचार मंत्री के लिए प्रकाश लखोटिया का चयन करते हुए उनके नामों की घोषणा की जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया. इसी तरह संस्था की नवगठित कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में दिनेश परवाल, अशोक सोनी, ओम चांडक, राजीव बिनानी, विष्णु मुछाल, रामनिवास राठी, राहुल धूत, आशीष मालानी, विशाल सोनी, भरत डागा, सुमित मिनानी, प्रवीण बिहानी एवं श्रीकांत तोषनीवाल को शामिल किया गया.

### थैलेसीमिया डे पर संगीत संध्या का आयोजन

**इंदौर.** कॉम्बेट म्यूजिक ग्रुप ने थैलेसीमिय डे के उपलक्ष्य में प्रीतमलाल दुआ सभागार में जनजागृति के लिए संगीत संध्या का आयोजन किया. सभी सिंगर्स ने बेहतरीन प्रस्तुति दी. गायक कलाकार व आयोजक वर्षा बाघ ने बताया कि श्रोताओं का भरपूर सहयोग मिला आयोजन को बहुत सराहा गया.

# मातृ दिवस कार्यक्रम में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, मोह मन

**महिदपुर। मां प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महिदपुर उप सेवा केंद्र द्वारा मातृ दिवस के पावन अवसर पर उपरोक्त विषय पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का शुभारंभ परमात्मा पिता को मां स्वरूप में याद करते हुए किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर तथा सम्मान पट्टिका के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारी सभी मातृ शक्तियों को तिलक व बैच लगाया गया।**



प्रत्येक बैच मातृ शक्तियों के गुणों पर आधारित थे। सभी ने प्रतिज्ञा भी की वे इन गुणों को धारण करके अपने परिवार की सेवा में सदा तत्पर रहेंगे। तत्पश्चात दीप प्रज्वलंकर कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उमा पांडे भाजपा मंडल अध्यक्ष, सुषमा खेमसरा एवं आरती रावल, शिक्षिका आदि ने मातृ दिवस पर अपने विचार रखे। उमा पांडे ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों से सभी को भाव विभोर कर दिया। सुषमा खेमसरा ने मां को परिभाषित करते हुए कहा कि मां के बिना सब कुछ अधूरा है। मां है तो सब कुछ है। आरती रावल ने कहा कि मां बच्चों को संस्कार देती है मां हमारे संपूर्ण जीवन का आधार स्तंभ है। अंत में ब्रह्म कुमारी मधु दीदी ने अपने वक्तव्य में मां को भगवान का दूसरा रूप बताया तथा कहा कि मां जीवन दात्रि है विधात्री है और सच्ची नवरात्रि है। हमें सदैव मां का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि मां की नसीहत ही हमारे लिए सुरक्षा कवच है। ज्यादातर लोग मां की बातों को इग्नोर करते हैं, लेकिन उनके चले जाने के बाद उन्हीं बातों को याद करते हैं कि अब हमें कोई टोकने वाला भी नहीं है। इसलिए समय रहते हमें उनका आशीर्वाद लेते रहना चाहिए। बहन हिमाक्षी ने तेरी उंगली पड़कर चला गीत पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में चेयर रेस, बिंदी गेम आदि भी कराए गए। अंत में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्राइज भी दिया गया। सभी मातृ शक्तियों ने कार्यक्रम में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। संचालन सोनू दीदी ने किया। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

# लीना बारोड़ को महासचिव बनीं

**उज्जैन।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट की संगठनात्मक बैठक में संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संगठन के प्रति सक्रियता, समर्पण और समाजसेवा के कार्यों को देखते हुए बैठक में सर्वसम्मति से लीना बारोड़ को महासचिव तथा सूचना एवं सूचना प्रसार प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रजापत ने इस नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि समाज निर्माण में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लीना बारोड़ को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी जितेंद्र परमार ने दी।

**अवंतिका में 17 मई से शुरू होगा पवित्र मलमास, चार घंटे चले अनुष्ठान में किया भव्य श्रृंगार**

# अधिक मास के पूर्व क्षीरसागर में भगवान शेषनारायण का पंचामृत अभिषेक कर की गई महाआरती

**उज्जैन। प्रदेश की धार्मिक राजधानी अवंतिका में 17 मई से पवित्र अधिक मास का शुभारंभ हो रहा है। अधिक मास अर्थात मलमास के दौरान प्राचीन नगरी अवंतिका में सप्तसागर यात्रा और नव नारायण की पूजा का विशेष विधान है। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए अधिक मास के पूर्व क्षीरसागर स्थित अति प्राचीन शेषनारायण मंदिर में विधि-विधान से भगवान का पंचामृत अभिषेक और पूजन कर महाआरती संपन्न की गई।**



नव नारायण में से एक भगवान शेषनारायण की यह मूर्ति अति प्राचीन और अद्भुत है। इसमें भगवान शेषनाग की शय्या पर लेटे हुए हैं और मां लक्ष्मी उनके चरण दबा रही हैं। साथ ही भगवान की नाभि से कमल खिला हुआ है जिस पर ब्रह्मा जी के साथ जय-विजय विराजमान हैं। अधिक मास के दौरान यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है और भगवान को विशेष रूप से खीर का भोग लगाया जाता है। हर तीन वर्ष में अधिक मास प्रारंभ होने से पूर्व यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला एवं पं. आर्यन शुक्ला के आचार्यत्व में यजमान हितेंद्र सिंह चन्देल, दिग्विजय शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला एवं ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। लगभग 4 घंटे से अधिक समय तक चले इस अनुष्ठान में भगवान शेषनारायण का दूध, दही, घी और मिष्ठान आदि से अभिषेक कर पूजन किया गया। पंचामृत अभिषेक के पश्चात भगवान का मनोहारी श्रृंगार कर महाआरती की गई। इस दौरान भगवान शेषनारायण से कामना की गई कि आगामी अधिक मास पूर्ण भक्ति भाव और बिना किसी विघ्न के संपन्न हो तथा सभी को इसका पुण्य लाभ मिले। इस अवसर पर संजय शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, गौरव शुक्ला, यश शुक्ला, आशीष शुक्ला, विशाल शुक्ला, आयुष शुक्ला, श्रद्धा शुक्ला, शैलजा शुक्ला, मीना शुक्ला, उर्मिला शुक्ला और लता शुक्ला सहित शुक्ला परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# बहुजन मुक्ति पार्टी ने प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**उज्जैन।** बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में तीन चरणों में देश के 625 जिलों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कोठी पैलेस स्थित संकुल भवन पर प्रदर्शन कर भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। लालटेन भेंट किया गया।




प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्मार्ट मीटर, महंगाई, बेरोजगारी तथा बढ़ती घरेलू और कॉमर्शियल गैस कीमतों का विरोध जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अपारदर्शी स्मार्ट मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं पर अधिक बिजली बिल थोपे जा रहे हैं और निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। मुकेश मालवीय ने बताया कि स्मार्ट मीटर 20 से 30 प्रतिशत तक तेज चल रहे हैं, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों में लगे सिम के माध्यम से यूनिट बढ़ाई जा सकती है और कम बैलेंस होने पर तुरंत बिजली काट दी जाती है। साथ ही, बिना नियमित विद्युत सप्लाई के भी उपभोक्ताओं पर बिल थोपे जा रहे हैं। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। घरेलू गैस सिलेंडर 1500 से 2000 रुपए तथा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 2500 से 3500 रुपए तक महंगे हो गए हैं। वहीं पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है। अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय ने कहां की ज्ञापन मे हमारी प्रमुख मांगें है कि स्मार्ट मीटरों की जगह पारदर्शी मीटर लगाए जाएं, जो निजी कंपनियों के नियंत्रण में न हों। जिन उपभोक्ताओं से गलत तरीके से बिजली बिल वसूला गया है, उनकी राशि वापस की जाए तथा स्मार्ट मीटर परियोजना में हुई कथित धांधली की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित कैबिनेट पर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा घरेलू गैस सिलेंडर 400 रुपए और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 700 रुपए में उपलब्ध कराने, गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने, होटल-ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों को आर्थिक सहायता देने तथा पेट्रोल 90 रुपए और डीजल 80 रुपए प्रति लीटर करने की मांग भी की गई।संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो दूसरे चरण में 20 मई 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने महंगी घरेलू एवं कॉमर्शियल गैस के विरोध में चूल्हा जलाओ धरना-प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा।

**एक नजर** 27 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, आयोजन में उमड़े 25 हजार समाजजन, दिया फिजूलखर्ची रोकने का संदेश

# बलाई महासभा के 15वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 121 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**उज्जैन।** अखिल भारतीय बलाई महासभा सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, कानड़ के तत्वावधान में 10 मई को दरबार कृषि फार्म में 15वां सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। समारोह में 121 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। प्रात: 6 बजे से शुरू हुए इस वृहद आयोजन में मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, देवास, राजगढ़, शाजापुर, आगर, नीमच, मंदसौर और भोपाल सहित राजस्थान (झालावाड़) व दिल्ली से करीब 25 हजार समाजजन शामिल हुए।



समिति द्वारा नवदंपतियों को उपहार स्वरूप गृहस्थी की सामग्री भेंट की गई। सम्मेलन में विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची और दहेज जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाने के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। आयोजन के दौरान समाज की उन 27 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही शिक्षा, खेल, प्रशासनिक सेवाओं एवं समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि विगत तीन माह से इस आयोजन की तैयारियां की जा रही थीं। ऐसे आयोजनों से समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है।

**यह अतिथि रहे उपस्थित:** आयोजन में अखिल भारतीय बलाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल बछेर, पूर्व विधायक जयपुर, क्षेत्रीय विधायक मधु गहलोत, इंदौर के राजेंद्र राधाकिशन मालवीय, भाजपा जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौर, बलाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक मालवीय, उज्जैन से दीनदयाल सावनेर, भोपाल से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता मालवीय, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अशोक लखीवाल, शाजापुर से समाजसेवी दिलीप बामनिया, दुर्गा प्रसाद पालीवाल, ओम प्रकाश पालीवाल, भोपाल से विनय मालवीय, इंदौर से समाजसेवी मुकेश चौहान, गिरधारी लाल मालवीय, कैलाश राज मेवाड़ा और प्रीतम मालवीय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### आयोजन में इनका रहा विशेष योगदान

आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष देवी सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सोदान सिंह मालवीय, कोषाध्यक्ष नानुराम परमार, सचिव जगदीशचंद्र मालवीय, विक्रम सिंह मालवीय, रामलाल देवड़ा, गोकुल प्रसाद चौहान, कालू सिंह मालवीय, पूनमचंद मालवीय, डॉ. रामेश्वर मालवीय, महेश सौराष्ट्रीय, शिवनारायण पोस्टमास्टर, भेरूलाल परमार, तुलसीराम परमार, आत्माराम सुमन, शंकरलाल मालवीय, मनोहरलाल वर्मा, मनोज परमार, एडवोकेट मोहनदास मालवीय, प्रियंका मालवीय, आरसी खंदार, कैलाश चंद्र मालवीय पटेल, राजेश लिंबोदिया, माखनसिंह मालवीय, प्रकाशचन्द्र मालवीय, गोकुल प्रसाद राठोड़, मनोहरलाल परमार, उमराव मालवीय, मेहरबान मालवीय, भोलाराम परमार, अनिल मालवीय और कैलाशचंद्र मालवीय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन समिति के संयोजक सतनारायण मालवीय ने किया।